an>

title: Need to commence the international flights from Sahibzada Ajit Singh International Airport.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया, मेरी कांस्टीटुएंसी साहबजादा जीतसिंह नगर में अभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बना है। 11 सितम्बर को माननीय प्रधान मंत्री जी उसका इनऑगुरेशन करके आए, लेकिन अभी तक वहां से इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू नहीं हुई। कहा जाता है कि कुछ एयरलाइंस तैयार नहीं हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि एयर इंडिया तैयार हो सकती है, वहां से एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट्स ही शुरू की जाएं। पहले इसके नाम का विवाद था, पंजाब सरकार ने शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर प्रपोज किया था, इसे हरियाणा असैम्बली ने भी पास कर दिया है, अब यह विवाद नहीं रहा। जहां तक इस शहर के नाम साहबजादा जीत सिंह नगर का ताल्लुक है, यह गुरू गोविंद सिंह जी एल्डर सन के नाम पर है और गुरू गोविंद सिंह जी का 350वां जन्म दिन देश भर में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

इसलिए हम चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी उस हवाई अड्डे से इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू हों और वहां से ही नांदेड़ साहब के लिए डोमैस्टिक फ्लाइट्स के लिए मैंने कई बार माननीय मंत्री जी से निवेदन किया है। हमारी सरकार ने जो रेलगाड़ियां चलाई हैं, वहां से बहुत दूर जाना पड़ता है। पंजाब और हरियाणा के लोग बहुत कोशिश में हैं कि वहां से नांदेड़ साहब के लिए भी डोमैस्टिक फ्लाइट्स चलें। यही मैं निवेदन करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष :

श्री रवनीत सिंह,

श्री संतोख सिंह चौधरी,

श्री ए.सम्पत एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेमसिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।